# भारतीय जनता पार्टी

**(केंद्रीय कार्यालय)**

11, अशोक रोड, नई दिल्ली - 110001
फोन: 011-23005700, फैक्स: 011-23005787

12 जून, 2016

## <u>भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष, श्री अमित शाह द्वारा प्रयाग (उत्तर प्रदेश) में भाजपा के राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में दिए गए संबोधन के मुख्य बिंदु</u>

**कच्छ से लेकर गोहाटी तक और कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक देश की जनता ने अपना समर्थन देकर प्रधानमंत्री, श्री नरेन्द्र मोदी सरकार के नेतृत्त्व में केंद्र की भाजपा सरकार के दो वर्षों के कामकाज पर अपनी मुहर लगा दी है: अमित शाह**

************

**असम सहित देश के अन्य चार राज्यों में हाल ही में संपन्न हुए चुनावों के नतीजे भारतीय जनता पार्टी के आनेवाले दिनों का शुभ संकेत है: अमित शाह**

************

**प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की वैश्विक छवि की अमिट छाप जनमानस पर स्पष्ट रूप से दिखाई पड़ती है। मोदी सरकार एक निर्णायक सरकार है, देश की हर समस्या का निर्णायक समाधान करने का प्रयास हमारी सरकार ने किया है: अमित शाह**

************

**दो वर्षों के कार्यकाल में हमने यह सिद्ध किया है कि वैज्ञानिक तरीके से जनता की समस्याओं का समाधान कैसे किया जाता है: अमित शाह**

************

**जनादेश का सम्मान करते हुए उसका हिसाब देश की जनता को देना हमारी गौरवमयी परम्परा रही है: अमित शाह**

************

**दो साल के कार्यकाल में हमपर भ्रष्टाचार का एक भी आरोप नहीं लगा है। यहाँ तक कि हमारे विरोधी भी हमपर भ्रष्टाचार का आरोप नहीं लगा सके हैं: अमित शाह**

************

**घोटाले और भ्रष्टाचार कांग्रेस की यूपीए सरकार की पर्याय बन गई थी, यूपीए सरकार के समय लगभग 12 लाख करोड़ रुपये से अधिक के घपले हुए: अमित शाह**

************

**हमने देश को यूपीए सरकार के समय की पॉलिसी पैरालिसिस की स्थिति से बाहर निकाला है: अमित शाह**

************

**हमने गाँव और शहर के विकास के बीच संतुलन स्थापित किया है, हमने यह करके दिखाया है कि रिफॉर्म्स और जन-कल्याण कैसे साथ-साथ किये जा सकते हैं। हमारा विकास सर्वस्पर्शी और सर्वसमावेशिक है: अमित शाह**

************

**नमामि गंगे, स्वच्छ भारत अभियान, बेटी बचाओ - बेटी पढाओ और योग दिवस, निरामय भारत के निर्माण की दिशा में उठाये गए महत्त्वपूर्ण कदम हैं: अमित शाह**

************

**देश के गरीबों के आंसू पोछने का काम प्रधानमंत्री, श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्त्व में केंद्र की भाजपा सरकार ने किया है: अमित शाह**

************

**पूरी दुनिया मानती है कि प्रधानमंत्री, श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्त्व में 21वीं सदी भारत की सदी है: अमित शाह**

************

**भारत 7.6% विकास दर के साथ चीन को पछाड़ कर विश्व की सबसे तेज गति से विकास करनेवाली अर्थव्यवस्था बन चुकी है। पिछली तिमाही में तो हमने 7.9% का विकास दर हासिल किया: अमित शाह**

************

**आर्थिक मोर्चे पर विभिन्न क्षेत्रों में पिछले वर्ष हमने सफलता के कई नए कीर्तिमान स्थापित किये हैं। हमने विकास को सामाजिक सशक्तिकरण से जोड़कर जीडीपी को एक मानवीय दृष्टिकोण देने का प्रयास किया है: अमित शाह**

************

**प्रधानमंत्री, श्री नरेंद्र मोदी जी की विदेश यात्राओं और विभिन्न इंटरनेशनल कंपनियों के सीईओ से उनकी बातचीत के मद्देनजर देश में एफडीआई में रिकॉर्डतोड़ वृद्धि हुई और निवेशकों का भरोसा भारत में बहाल हुआ: अमित शाह**

************

**स्टार्टअप इंडिया, स्टैंडअप इंडिया, स्किल इंडिया, मेक इन इंडिया और प्रधानमंत्री मुद्रा बैंक के माध्यम से हमने स्वरोजगार के जरिये बेरोजगारी की समस्या का समाधान किया है: अमित शाह**

************

**सऊदी अरब और अफगानिस्तान - दो मुस्लिम देशों द्वारा प्रधानमंत्री, श्री नरेन्द्र मोदी का सम्मान कई मायनों में ऐतिहासिक है। यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नई विदेश नीति की अंतर्राष्ट्रीय मान्यता और बढ़ती सराहना को दर्शाता है: अमित शाह**

************

**चाबहार पोर्ट के माध्यम से हमने ग्वादर का विकल्प दिया है: अमित शाह**

************

**कालेधन पर नकेल कसने के लिए मोदी सरकार कृतसंकल्पित है। काले धन को लेकर प्रधानमंत्री, श्री नरेन्द्र मोदी ने शीर्ष स्तर पर स्विट्जरलैंड सहित कई देशों के राष्ट्र प्रमुखों से चर्चा कर सूचना के आदान-प्रदान को सुलभ बनाया और अंतर्राष्ट्रीय सहयोग की नींव रखी: अमित शाह**

************

**अमेरिकी कांग्रेस में प्रधानमंत्री, श्री नरेन्द्र मोदी जी का सम्मान देश के 125 करोड़ भारतवासियों का सम्मान है: अमित शाह**

************

**हमने संस्कृति और व्यापार को अपनी विदेश नीति का महत्त्वपूर्ण अंग बनाया है: अमित शाह**

************

**कांग्रेस लगातार क्षीण होती जा रही है, संसद में देश के विकास कार्यों में रोड़े अटकाने का जो प्रयास कांग्रेस द्वारा लगातार किया जा रहा है, यह इसी का नतीजा है: अमित शाह**

************

**कांग्रेस की निर्बलता भारतीय जनता पार्टी की ताकत कभी नहीं बन सकती। हमारी ताकत हमारे विचारधारा का विस्तार, मजबूत संगठन और हमारे नेताओं के आचरण से ही मजबूत हो सकती है: अमित शाह**

************

**राजनैतिक विद्वेष से प्रेरित होकर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं के ऊपर केरल और पश्चिम बंगाल में हमले किये जा रहे हैं, भाजपा कार्यकर्ताओं के खिलाफ हिंसा पूरे देश के लिए चिंता का विषय है: अमित शाह**

************

**हम यह संकल्प करें कि केरल और पश्चिम बंगाल,  इन दोनों राज्यों की राजनीति को इस तरह से बदलेंगें कि इन राज्यों में हिंसा करने वालों का कोई स्थान न हो, कार्यकर्ता इस प्रकार की हिंसा को राज्यों से उखाड़ फेंकने के लिए तैयार हो जाएँ। हम अपने कार्यकर्ताओं के साथ हैं: अमित शाह**

************

**उत्तर प्रदेश के विकास के बिना देश का विकास संभव ही नहीं है। यदि उत्तर प्रदेश का ग्रोथ रेट डबल डिजिट में पहुंचा तो निश्चित रूप से देश का ग्रोथ रेट भी डबल डिजिट में होगा: अमित शाह**

************

**उत्तर प्रदेश में क़ानून-व्यवस्था की स्थिति बद से बदतर है, राज्य भर में सर्वत्र भूमाफिया का आतंक कायम हो चुका है, पुलिस अधिकारियों पर हमले हो रहे हैं, यह काफी गम्भीर स्थिति है, मथुरा की घटना इसका ज्वलंत उदाहरण है: अमित शाह**

************

**कैराना से नागरिकों का पलायन चिंता का विषय है, उत्तर प्रदेश की स्थिति को राज्य की अखिलेश सरकार संभाल नहीं सकती, इसके लिए राज्य में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बननी जरूरी है: अमित शाह**

************

**उत्तर प्रदेश देश की जनता ने भाजपा की सरकार बनाने का मन बना लिया है, हमारे कार्यकर्ता भी पूरे जोश के साथ तैयार हैं: अमित शाह**

************

**प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्त्व में हम हर तरह की चुनौतियों का सामना करने में सक्षम हैं: अमित शाह**

************

**अब कोई कन्फ्यूजन इस बात को लेकर नहीं है कि आज भारत दुनिया का नेतृत्त्व करने के लिए तैयार है**

************

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष, श्री अमित शाह ने आज, रविवार को उत्तर प्रदेश के संगम नगरी, प्रयाग (इलाहाबाद) में भाजपा की दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक का उद्घाटन किया और विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा करते हुए पार्टी पदाधिकारियों को संबोधित किया।

## पाँच राज्यों के चुनाव परिणाम भाजपा के लिए आनेवाले दिनों का शुभ संकेत

भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री, श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्त्व में केंद्र की भाजपा सरकार के अभी-अभी दो वर्ष पूरे हुए हैं। उन्होंने कहा कि इसके साथ-साथ पूर्वोत्तर में पहली बार असम के रूप में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनी है। उन्होंने कहा कि असम के साथ साथ हमें केरल और पश्चिम बंगाल में भी क्रमशः 15% और 10% से अधिक मत मिले, यह इस तथ्य की ओर ईशारा करता है कि केरल और पश्चिम बंगाल की जनता भी भारतीय जनता पार्टी के साथ आने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि हमने केरल और पश्चिम बंगाल में पहली बार अपनी उपस्थिति दर्ज कराई है। उन्होंने कहा कि **इन पाँचों राज्यों के चुनाव परिणाम भारतीय जनता पार्टी के लिए आनेवाले दिनों का शुभ संकेत है।** श्री शाह ने कहा कि **कच्छ से लेकर गोहाटी तक और कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक देश की जनता ने अपना समर्थन देकर प्रधानमंत्री, श्री नरेन्द्र मोदी सरकार के नेतृत्त्व में केंद्र की भाजपा सरकार के दो वर्षों के कामकाज पर अपनी मुहर लगा दी है।** उन्होंने कहा कि मोदी जी के प्रधानमंत्री बनने के बाद पार्टी ने जहां-जहां भी चुनाव लड़ा है, वहां हमने अप्रत्याशित सफलता अर्जित की है। उन्होंने कहा कि असम सहित पांच राज्यों में जहां हमारी सरकारें बनीं, वहीं दिल्ली और बिहार में भी प्रतिकूल राजनीतिक परिस्थिति के बावजूद हमारे मत प्रतिशत में इजाफा हुआ।

श्री शाह ने कहा कि कुछ समय पूर्व ही हमने कोरोमंडल के राज्यों के विकास पर अपना ध्यान केन्द्रित किया था जिसमें केरल, तमिलनाडु, आंध्र, तेलंगाना, पश्चिम बंगाल, उड़ीसा और असम में से चार राज्यों में चुनाव हुए और वहां हमें अच्छी सफलता प्राप्त हुई है। उन्होंने संगठन को इसका श्रेय देते हुए कहा कि असम में हमारी जीत केवल राजनैतिक जीत नहीं है बल्कि यह हमारे हजारों कार्यकर्ताओं के अथक प्रयासों का नतीजा है कि असम से पूर्वोत्तर का द्वार भारतीय जनता पार्टी के लिए खुला है। उन्होंने कहा कि **प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की वैश्विक छवि की अमिट छाप जनमानस पर स्पष्ट रूप से दिखाई पड़ती है।**

## देश में विकास की एक नई गाथा की शुरुआत

भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री, श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्त्व में हमने देश में विकास की एक नई गाथा की शुरुआत की है। उन्होंने कहा कि **पिछले दो वर्षों के कार्यकाल में हमने यह सिद्ध किया है कि वैज्ञानिक तरीके से जनता की समस्याओं का समाधान कैसे किया जाता है।** उन्होंने कहा कि जनादेश का सम्मान करते हुए उसका हिसाब देश की जनता को देना हमारी गौरवमयी परम्परा रही है और इसीलिये हम 'विकास पर्व' के माध्यम से देश की जनता को हम अपने दो साल के पल-पल का हिसाब दे रहे हैं।

## एक निर्णायक सरकार, एक भ्रष्टाचार मुक्त सरकार

प्रधानमंत्री, श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्त्व में केंद्र की भाजपा सरकार की उपलब्धियों पर चर्चा करते हुए श्री शाह ने कहा कि **मोदी सरकार एक निर्णायक सरकार है, देश की हर समस्या का निर्णायक समाधान करने का प्रयास हमारी सरकार ने किया है**। उन्होंने कहा कि **मैं गर्व से यह कह सकता हूँ कि हमारी सरकार भ्रष्टाचार विहीन सरकार है, दो साल के कार्यकाल में हमपर भ्रष्टाचार का एक भी आरोप नहीं लगा है, यहाँ तक कि हमारे विरोधी भी हमपर भ्रष्टाचार का आरोप नहीं लगा सके हैं।** कांग्रेस-नीत यूपीए सरकार पर निशाना साधते हुए श्री शाह ने कहा कि **कांग्रेस की यूपीए सरकार घोटाले और भ्रष्टाचार की पर्याय बन गई थी, यूपीए के शासन में लगभग 12 लाख करोड़ रुपये से अधिक के घपले हुए और देश में एक पॉलिसी पैरालिसिस की सी स्थिति बन गई थी।** उन्होंने कहा कि **हमने  देश को यूपीए सरकार के समय की पॉलिसी पैरालिसिस की स्थिति से बाहर निकाला है**, हमने मोदी जी के नेतृत्त्व में देश को एक दृढ़ इच्छाशक्ति और एक फैसला लेनेवाली सरकार देने का काम किया है।

## देश के सर्वांगीण विकास पर फोकस

भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि **हमने शहरों और गाँवों के एक समान विकास पर संतुलन बनाते हुए देश के सर्वांगीण विकास पर एक साथ ध्यान केन्द्रित किया है, इकॉनोमिक रिफॉर्म्स और जन-कल्याण की योजनाओं के बीच के द्वंद्व को समाप्त करते हुए विकास योजनाओं को समाज**

**के अंतिम छोर पर खड़े अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने में सफलता पाई है**, उद्योग एवं कृषि के विकास पर एक समान बल दिया है और रक्षा नीति एवं विदेश नीति के बीच बेहतर सामंजस्य स्थापित किया है, **देश की संस्कृति और व्यापार को हमने अपनी विदेश नीति का महत्त्वपूर्ण अंग बनाया है**, पड़ोसी देशों के साथ-साथ हमने विश्व के कई देशों के साथ अपने संबंधों और और प्रगाढ़ बनाया है। बेहतर मानसून की संभावना के बीच श्री शाह ने कहा कि हम इस बार बीस वर्षों के सबसे ज्यादा कृषि विकास दर हासिल करने में सफल होंगें। उन्होंने कहा कि कई समस्याओं को हमने जन-आंदोलन बनाकर इसके पूर्ण समाधान का गंभीर प्रयास किया है। उन्होंने कहा कि **हमने नमामि गंगे, स्वच्छ भारत अभियान, बेटी बचाओ - बेटी पढाओ और योग दिवस के माध्यम से निरामय भारत के निर्माण की दिशा में महत्त्वपूर्ण कदम उठाये हैं।** उन्होंने कहा कि अटल जी के सरकार के समय पूरी दुनिया यह मानने लगी थी कि 21वीं सदी भारत की सदी है लेकिन कांग्रेस के यूपीए-1 और यूपीए-2 सरकारों के समय भारत की विकास गाथा पूरी तरह से ख़त्म हो गई थी। उन्होंने कहा कि **मोदी सरकार के आने के साथ ही हमने यूपीए के समय बने घोर निराशा के माहौल को बदलने में सफलता पाई है और आज केवल देश का हर व्यक्ति ही नहीं, बल्कि पूरी दुनिया फिर से यह मानने लगी है कि 21वीं सदी भारत की सदी है।**

## बेमिसाल आर्थिक उपलब्धि

पिछले दो वर्षों में भारत की आर्थिक उपलब्धियों पर चर्चा करते हुए भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि **आर्थिक मोर्चे पर विभिन्न क्षेत्रों में हमने पिछले दो वर्षों में सफलता के कई नए कीर्तिमान स्थापित किये हैं।** उन्होंने कहा कि **आज दो वर्ष बाद हमारी आर्थिक नीतियों की आलोचना करने वालों के भी मुंह बंद हो चुके हैं क्योंकि सभी आंकड़े आज इस तथ्य को इंगित कर रहे हैं कि भारत दुनिया की सबसे तेज गति से विकास करनेवाली अर्थव्यवस्था है**, भारत चीन को पछाड़ कर विश्व की सबसे तेज गति से विकास करनेवाली अर्थव्यवस्था बन चुकी है, पिछली तिमाही में तो हमने 7.9% का विकास दर हासिल किया है। उन्होंने कहा कि **एफडीआई में रिकॉर्डतोड़ वृद्धि हुई और निवेशकों का भरोसा भारत में बहाल हुआ है।** श्री शाह ने कहा कि हमने अब तक का सबसे अधिक विदेशी मुद्रा का भंडार अर्जित किया है, सबसे अधिक विदेशी निवेश पिछले दो वर्षों में ही हुआ है, सभी प्रकार के घाटों को हमने नियंत्रित किया है। उन्होंने कहा कि हमें कांग्रेस से विरासत में एक खस्ताहाल अर्थव्यवस्था मिली थी, जिसे हम पुनः पटरी पर वापस लेकर आये। उन्होंने कहा कि **हमने विकास को सामाजिक सशक्तिकरण से जोड़कर जीडीपी को एक मानवीय दृष्टिकोण देने का प्रयास किया है।** उन्होंने कहा कि **स्टार्टअप इंडिया, स्टैंडअप इंडिया, स्किल इंडिया, मेक इन इंडिया और प्रधानमंत्री मुद्रा बैंक के माध्यम से हमने स्वरोजगार के जरिये बेरोजगारी की समस्या का समाधान किया है।** उन्होंने कहा कि हमने हर घर में शौचालय उपलब्ध कराया है, हर गाँव तक बिजली से जोड़ा जा रहा है, स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर किया जा रहा है और औद्योगिक उत्पादन में भी बढ़ोत्तरी हुई है। उन्होंने कहा कि पिछले दो वर्षों में हम जीडीपी को 5.6% से बढ़ाकर 7.6% तक लाने में सफल हुए हैं। उन्होंने कहा कि **हमारा विकास सर्वस्पर्शी और सर्वसमावेशिक है।**

## विश्व का भारत को देखने का नजरिया बदला

मोदी सरकार की विदेश नीति पर चर्चा करते हुए श्री शाह ने कहा कि **दुनिया भर में पिछले दो वर्षों में भारत को देखने का नजरिया बदला है।** उन्होंने हाल ही में दो मुस्लिम देशों द्वारा प्रधानमंत्री, श्री नरेन्द्र मोदी को सर्वोच्च नागरिक सम्मान प्रदान किये जाने की घटना को भारतीय जनता पार्टी का गौरव बताते हुए कहा कि **सऊदी अरब और अफगानिस्तान द्वारा द्वारा प्रधानमंत्री, श्री नरेन्द्र मोदी का सम्मान कई मायनों में ऐतिहासिक है, यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नई विदेश नीति की अंतर्राष्ट्रीय मान्यता और बढ़ती सराहना को दर्शाता है।** उन्होंने कहा कि चाबहार पोर्ट के माध्यम से हमने ग्वादर पोर्ट का एक विकल्प मुहैय्या कराया है, साथ ही इससे मध्य एशिया और यूरोप तक हमारी आर्थिक पहुँच और भी आसान हो जायेगी। उन्होंने कहा कि **इन दो वर्षों में इतने काम हुए हैं जो पिछले 60 वर्षों में भी नहीं हो पाए।** उन्होंने कहा कि हमने इन दो वर्षों में गैस पाइप लाइन के क्षेत्र में समझौते किये, अफगानिस्तान में सलमा डैम का उद्घाटन करके अफगानिस्तान से संबंधों को और मजबूत किया और सार्क देशों के साथ भी आर्थिक सम्बन्ध मजबूत किये। उन्होंने कहा कि **काले धन को लेकर प्रधानमंत्री, श्री नरेन्द्र मोदी ने शीर्ष स्तर पर स्विट्जरलैंड सहित कई देशों के राष्ट्र प्रमुखों से चर्चा कर सूचना के आदान-प्रदान को सुलभ बनाया और अंतर्राष्ट्रीय सहयोग की नींव रखी है।** प्रधानमंत्री जी द्वारा अमेरिकी कांग्रेस के संयुक्त सत्र को दिए गए ऐतिहासिक संबोधन पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि **अमेरिकी कांग्रेस में प्रधानमंत्री, श्री नरेन्द्र मोदी जी का अभूतपूर्व सम्मान देश के 125 करोड़ भारतवासियों का सम्मान है और यह भारत के प्रति बदलते हुए नजरिये को दर्शाता है।** उन्होंने कहा कि **अब कोई कन्फ्यूजन इस बात को लेकर नहीं है कि आज भारत दुनिया का नेतृत्त्व करने के लिए तैयार है।** उन्होंने कहा कि एमटीसी आर में हमारा प्रवेश एक महत्त्वपूर्ण घटना है, हाल ही में अमेरिका, स्विट्जर लैंड और मैक्सिको ने एनएसजी की सदस्यता पर भारत का समर्थन किया है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में इसका हमें काफी फायदा होगा।

## कांग्रेस की निर्बलता भाजपा की ताकत नहीं

कांग्रेस पर कटाक्ष करते हुए भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि **कांग्रेस लगातार क्षीण होती जा रही है, संसद में देश के विकास कार्यों में रोड़े अटकाने का जो प्रयास कांग्रेस द्वारा लगातार किया जा रहा है, यह इसी का नतीजा है।** उन्होंने कहा कि कई राज्यों से कांग्रेस की सरकारें ख़त्म हो चुकी है, उसके कई वरिष्ठ नेता पार्टी का साथ छोड़ रहे हैं, लेकिन **कांग्रेस की निर्बलता भारतीय जनता पार्टी की ताकत कभी नहीं बन सकती।** उन्होंने कहा कि **हमारी ताकत हमारे विचारधारा का विस्तार, मजबूत संगठन और हमारे नेताओं के आचरण से ही मजबूत हो सकती है।** उन्होंने कहा कि **हमें हमारी आज की स्थिति को ही शिखर नहीं मान लेना चाहिए, बल्कि आज हम यह संकल्प लें कि हम भाजपा का विस्तार देश के चप्पे-चप्पे पर करेंगें और इसे वर्तमान से भी बड़ी सफलता के शिखर पर ले जायेंगें।**

## केरल और बंगाल में राजनैतिक हिंसा चिंता का विषय

केरल और पश्चिम बंगाल में विधान सभा चुनावों के ठीक बाद भाजपा कार्यकर्ताओं पर हुए हमलों की भर्त्स्ना करते हुए भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि यह चिंता का विषय है, हम इसे दिल से लें और **यह संकल्प करें कि हम इन दोनों राज्यों की राजनीति को इस तरह से बदलेंगे कि इन राज्यों में हिंसा करने वालों का कोई स्थान न हो, उन्हें इन राज्यों से उखाड़ कर फेंक दें।** उन्होंने कहा कि **केरल और बंगाल में भाजपा का जो भी कार्यकर्ता संघर्ष कर रहा है, पार्टी का नेतृत्त्व और पार्टी के देश भर के कार्यकर्ता उनके साथ खड़ा है।**

## उत्तर प्रदेश के विकास के बिना देश का विकास की कल्पना करना व्यर्थ

श्री शाह ने कहा कि 2017 में हमारे सामने कई चुनौतियां हैं, उत्तर प्रदेश, पंजाब, उत्तराखंड, गुजरात और हिमाचल प्रदेश के विधान सभा चुनाव आने वाले हैं, हमें इसके लिए तैयार होना पडेगा, हमें अपने परिश्रम की पराकाष्ठा करके इन राज्यों में जीत सुनिश्चित करनी होगी। उत्तर प्रदेश की चर्चा करते हुए श्री शाह ने कहा कि **राज्य में जिस तरह से अखिलेश सरकार काम कर रही है, वह न केवल प्रदेश के लिए बल्कि पूरे देश के लिए एक चिंता का विषय है।** उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश देश का सबसे बड़ा सूबा है, **उत्तर प्रदेश के विकास के बिना देश का विकास संभव ही नहीं है।** उन्होंने कहा कि **यदि उत्तर प्रदेश में विकास होता है तभी देश का ग्रोथ रेट डबल डिजिट में पहुँच सकता है।** मथुरा की घटना का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि **उत्तर प्रदेश में क़ानून-व्यवस्था की स्थिति बद से बदतर है, राज्य भर में सर्वत्र भूमाफिया का आतंक कायम हो चुका है, सरकारी और आम नागरिकों के जमीनों पर जबरन कब्जा किया जा रहा है, जमीनों को खाली कराने के लिए जानेवाले पुलिस अधिकारियों पर हमले हो रहे हैं, यह काफी गम्भीर स्थिति है।** उन्होंने कहा कि **कैराना से नागरिकों का पलायन चिंता का विषय है, उत्तर प्रदेश की स्थिति को राज्य की अखिलेश सरकार संभाल नहीं सकती, इसके लिए राज्य में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बननी जरूरी है।** उन्होंने उत्तर प्रदेश की जनता को आश्वस्त करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी का कार्यकर्ता इस उत्पीड़न के खिलाफ है, **भारतीय जनता पार्टी उत्तर प्रदेश के नागरिकों के साथ खड़ा है और मुझे पूरा विश्वास है कि आने वाले चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की पूर्ण बहुमत की एक लोकप्रिय सरकार निश्चित रूप से बनेगी।**

## हम हर तरह की चुनौतियों का सामना करने में सक्षम

**प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्त्व में हम हर तरह की चुनौतियों का सामना करने में सक्षम हैं, हमें मोदी सरकार के कार्यों को सीधे जनता तक पहुंचाने पर ध्यान केन्द्रित करना चाहिए।** उन्होंने पार्टी नेताओं और पार्टी पदाधिकारियों का आह्वान करते हुए कहा कि 2019 में भी इससे भी ज्यादा बहुमत के साथ केंद्र में प्रधानमंत्री, श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्त्व में केंद्र की भाजपा सरकार फिर से बनाने का लक्ष्य लेकर हम अपने कार्यों में अभी से जुट जाएँ।

**(इंजी. अरुण कुमार जैन)**

कार्यालय सचिव